**भारत सरकार**

**जल शक्ति मंत्रालय**

**जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 3308**

**दिनांक 12 मार्च, 2026 को उत्तरार्थ**

.....

**जल संभरण और जल संचय संबंधी कार्य**

**3308. श्री विष्णु दत्त शर्माः**

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार जलसंभर विकास, 'कैच द रेन' अभियान और महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (एमजीएनआरईजीए) तथा प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाई) के साथ राष्ट्रीय स्तर पर समन्वय स्थापित करके जल निकायों के पुनर्स्थापन और सिंचाई क्षमता में सुधार के लिए सहायता प्रदान कर रही है, और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या कटनी, पन्ना जिलों और खजुराहो लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के खजुराहो कस्बे में जलसंभर, जल संचयन और पुनर्भरण कार्य स्वीकृत हो चुके हैं या पूर्ण हो चुके हैं और उनसे लाभान्वित क्षेत्रों और परिवारों का ब्यौरा क्या है;

(ग) सिंचाई कवरेज, रोजगार सृजन और जल संकट में कमी सहित प्राप्त महत्वपूर्ण परिणाम क्या हैं;

(घ) क्या इसका पैमाना या इससे प्राप्त परिणाम अपर्याप्त हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं तथा इसके लिए किए गए सुधारात्मक उपाय क्या हैं; और

(ङ) इन जिलों में सामुदायिक जल प्रबंधन को संस्थागत रूप देने और ऐसी परियोजनाओं को स्थायी ग्रामीण आजीविका से जोड़ने की योजना संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**जल शक्ति राज्य मंत्री**

**(श्री राज भूषण चौधरी)**

**(क) से (ङ):** जल के राज्य का विषय होने के कारण, जल संरक्षण सहित जल संसाधनों से संबंधित पहलुओं का अध्ययन, योजना, वित्तपोषण और कार्यान्वयन राज्य सरकारों द्वारा अपने संसाधनों और प्राथमिकताओं के अनुसार स्वयं किया जाता है। केंद्र सरकार राज्य सरकारों द्वारा किए जा रहे उपायों और प्रयासों में सहयोग करती है।

वर्ष 2019 में जल शक्ति मंत्रालय ने देश के 256 जल की कमी वालवाले जिलों में समयबद्ध, मिशन-आधारित जल संरक्षण अभियान के रूप में जल शक्ति अभियान (जेएसए) की शुरुआत की है। जल शक्ति अभियान: कैच द रेन (जेएसए: सीटीआर), जिसका ध्येय है: कैच द रेन, वेयर इट फ़ॉल्स, वेन इट फ़ॉल्स का वर्ष 2021 में पूरे भारत में विस्तार किया गया, जिसमें

पाँच प्रमुख हस्तक्षेप: (1) जल संरक्षण और वर्षा जल संचयन (2) सभी जल निकायों की गणना, भौगोलिक टैगिंग और सूची बनाना; इसके आधार पर जल संरक्षण के लिए साइंटिफिक योजनाएँ तैयार करना (3) सभी जिलों में जल शक्ति केंद्रों की स्थापना (4) सघन वृक्षारोपण और (5) जागरूकता लाना शामिल थे। जेएसए: सीटीआर 2025 को "जल संचय जन भागीदारी: जन जागरूकता की ओर" विषय के साथ शुरू किया गया, जिसमें सामुदायिक भागीदारी और जल संरक्षण जागरूकता पर बल दिया गया।

इस अभियान में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (एमजीएनआरईजीएस), अटल कायाकल्प और शहरी परिवर्तन मिशन (एएमआरयूटी), पर ड्रॉप मोर क्रॉप, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाई) के अंतर्गत मरम्मत, नवीनीकरण और पुनर्स्थापन घटक, क्षतिपूर्ति वनीकरण निधि प्रबंधन और योजना प्राधिकरण (सीएएमपीए), वित्त आयोग अनुदान आदि जैसी केन्द्रीय, राज्य और स्थानीय निकायों की विभिन्न योजनाओं से समन्वित वित्तपोषण पर बल दिया गया है। मध्य प्रदेश राज्य में जेएसए: सीटीआर 2025 के अंतर्गत हुई प्रगति **अनुलग्नक-I** में संलग्न है।

जल शक्ति अभियान: कैच द रेन (जेएसए: सीटीआर) अभियान को और अधिक सशक्त बनाने के लिए 6 सितंबर 2024 को सूरत,  गुजरात के में "जल संचय जन भागीदारी" (जेएसजेबी) पहल शुरू की गई। जेएसजेबी पहल का उद्देश्य कम लागत में और अधिकतम क्षमता के साथ कम लागत वाली वर्षा जल संचयन संरचनाओं के निर्माण हेतु सामुदायिक कार्य और भागीदारी को बढ़ाना है। यह पहल सामुदायिक निधियों, व्यक्तिगत दान, कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व निधियों और अन्य स्रोतों का उपयोग करके स्थानीय रूप से उपलब्ध सामग्री से बोरवेल, रिचार्ज शाफ्ट, रिचार्ज पिट जैसी कम लागत वाली संरचनाओं का निर्माण करती है, ताकि वर्षा जल का संचयन हो सके, भूजल स्तर को बढ़ाया जा सके और जल संबंधी समस्याओं का स्थानीय स्तर पर समाधान प्रदान किया जा सके। इसका उद्देश्य समाज और सरकार के समग्र दृष्टिकोण का पालन करते हुए सामूहिक प्रयासों के माध्यम से जल की प्रत्येक बूंद का संरक्षण सुनिश्चित करना है। मध्य प्रदेश राज्य में जेएसजेबी के अंतर्गत रिपोर्ट किए गए कृत्रिम भूजल पुनर्भरण और भंडारण कार्यों की संख्या अनुलग्नक-II में है।

पंचायती राज संस्थाएं (पीआरआई) समुदायों को संगठित करने, स्थानीय स्तर पर योजना बनाने में सहायता करने और जल संरक्षण कार्यों के सहभागी कार्यान्वयन और निगरानी सुनिश्चित करने में केंद्रीय भूमिका निभाती हैं। महिला स्वयं सहायता समूह (एसएचजी), युवा, छात्र और स्थानीय सामुदायिक समूह जागरूकता पैदा करने, व्यवहार परिवर्तन संचार और सामाजिक लामबंदी में सक्रिय रूप से शामिल होते हैं, जिससे जमीनी स्तर पर भागीदारी और स्वामित्व मजबूत होता है। समीक्षा और समन्वय बैठकें आयोजित की जाती हैं। लोगों से मिल उन्हें जागरूक करना, तकनीकी समझ और सहभागी कार्यान्वयन को बढ़ाने के लिए सूचना एवं संचार (आईईसी) गतिविधियां, सामुदायिक बैठकें और जमीनी स्तर पर संपर्क स्थापित किए जाते हैं।

सीजीडब्ल्यूबी द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के अनुसार, मध्य प्रदेश के छतरपुर, कटनी और पन्ना जिलों में वर्ष 2025 के लिए भूजल की स्थिति नीचे दी गई है:

| क्र. सं. | जिलों के नाम | कुल वार्षिक भूजल पुनर्भरण (एचएएम) | वार्षिक निष्कर्षणीय (एचएएम) | कुल वार्षिक निष्कर्षण (एचएएम) | भूजल निष्कर्षण का चरण (%) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | छतरपुर | 88788.42 | 84341.63 | 54357.51 | 64.45 |
| 2 | कटनी | 42668.92 | 40535.48 | 19011.64 | 46.9 |
| 3 | पन्ना | 53338.11 | 50374.84 | 19204.19 | 38.12 |

मध्य प्रदेश राज्य सरकार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार,

i. कटनी जिले में विभिन्न योजनाओं के तहत जल संबंधी कुल पूर्ण कार्य 7445, पन्ना में 5356 और छतरपुर में 8185 हैं।

ii. एमजीएनआरईजीएस के अंतर्गत किए गए कार्यों के परिणामस्वरूप कुल 228.74 लाख व्यक्ति-दिवस का सृजन हुआ है।

iii. प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत वाटरशेड विकास 2.0 के अंतर्गत कटनी जिले में 803.36 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई क्षमता का सृजन किया गया है। अन्य जिलों में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत वाटरशेड विकास 2.0 परियोजनाओं का कार्यान्वयन नहीं किया गया है।

iv. प्राप्त परिणाम संतोषजनक हैं, अतः प्रश्न नहीं उठता।

v. जल संचयन संरचनाओं के लाभों का उपयोग करने हेतु सामुदायिक जल प्रबंधन के लिए लाभार्थियों के उपयोगकर्ता समूह गठित किए गए हैं। निर्मित तालाबों और चेक डैम/स्टॉप डैम को स्थायी आजीविका से जोड़ने के लिए मत्स्य पालन और एकीकृत कृषि प्रबंधन जैसी गतिविधियां शुरू की गई हैं।

*****

**अनुलग्नक-I**

**'जल संभरण और जल संचय संबंधी कार्य' के संबंध में दिनांक 12.03.2026 को लोक सभा में उत्तर के लिए देय अतारांकित प्रश्न सं. 3308 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।**

| **जल शक्ति अभियान:कैच द रेन - मध्य प्रदेश** | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **राष्ट्रीय जल मिशन, जल शक्ति मंत्रालय** | | | | | |
| **दिनांक 10.03.2026 तक जेएसए: सीटीआर पोर्टल के अनुसार पहल-वार स्थिति रिपोर्ट (2025)** | | | | | |
| *पूर्ण किए गए कार्यों की संख्या | | | | | |
| **क्र.सं.** | **जिले का नाम** | ***पारंपरिक जल निकायों का पुनरुद्धार** | ***पुन: उपयोग और पुनर्भरण संरचनाएं** | ***वाटरशेड विकास** | ***गहन वनीकरण** |
| 1 | अगर मालवा | 58 | 33 | 124 | 96 |
| 2 | अलीराजपुर | 16 | 11 | 140 | 261 |
| 3 | अनूपपुर | 24 | 68 | 575 | 299 |
| 4 | अशोकनगर | 16 | 147 | 119 | 73 |
| 5 | बालाघाट | 104 | 466 | 783 | 410 |
| 6 | बड़वानी | 15 | 46 | 378 | 297 |
| 7 | बैतूल | 137 | 268 | 462 | 173 |
| 8 | भिंड | 121 | 82 | 224 | 41 |
| 9 | भोपाल | 16 | 109 | 72 | 97 |
| 10 | बुरहानपुर | 34 | 60 | 156 | 106 |
| **11** | **छतरपुर** | **19** | **541** | **424** | **202** |
| 12 | छिंदवाड़ा | 59 | 352 | 992 | 891 |
| 13 | दमोह | 38 | 366 | 595 | 229 |
| 14 | दतिया | 26 | 18 | 166 | 78 |
| 15 | देवास | 14 | 202 | 327 | 87 |
| 16 | धार | 24 | 204 | 523 | 275 |
| 17 | डिंडोरी | 52 | 497 | 1426 | 494 |
| 18 | गुना | 29 | 47 | 463 | 194 |
| 19 | ग्वालियर | 36 | 149 | 213 | 198 |
| 20 | हरदा | 24 | 76 | 61 | 52 |
| 21 | होशंगाबाद | 42 | 190 | 205 | 139 |
| 22 | इंदौर | 43 | 245 | 65 | 391 |
| 23 | जबलपुर | 24 | 275 | 383 | 111 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 24 | झाबुआ | 14 | 82 | 141 | 31 |
| **25** | **कटनी** | **38** | **246** | **575** | **165** |
| 26 | खंडवा (पूर्वी निमाड़) | 84 | 586 | 412 | 493 |
| 27 | खरगोन | 22 | 325 | 544 | 891 |
| 28 | मैहर | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 29 | मंडला | 64 | 161 | 3108 | 713 |
| 30 | मंदसौर | 26 | 170 | 266 | 361 |
| 31 | मऊगंज | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 32 | मुरैना | 27 | 229 | 568 | 208 |
| 33 | नरसिंहपुर | 27 | 205 | 359 | 239 |
| 34 | नीमच | 45 | 51 | 240 | 145 |
| 35 | निवाड़ी | 62 | 39 | 239 | 112 |
| 36 | पांढुर्ना | 0 | 4 | 0 | 0 |
| **37** | **पन्ना** | **63** | **106** | **525** | **205** |
| 38 | रायसेन | 28 | 495 | 624 | 246 |
| 39 | रायगढ़ | 132 | 643 | 1085 | 596 |
| 40 | रतलाम | 43 | 100 | 398 | 1056 |
| 41 | रीवा | 173 | 359 | 588 | 177 |
| 42 | सागर | 21 | 320 | 265 | 213 |
| 43 | सतना | 44 | 323 | 273 | 46 |
| 44 | सीहोर | 47 | 182 | 96 | 134 |
| 45 | सिवनी | 107 | 147 | 944 | 555 |
| 46 | शहडोल | 86 | 145 | 275 | 142 |
| 47 | शाजापुर | 20 | 142 | 92 | 239 |
| 48 | श्योपुर | 15 | 116 | 347 | 179 |
| 49 | शिवपुरी | 85 | 159 | 386 | 232 |
| 50 | सीधी | 73 | 151 | 421 | 84 |
| 51 | सिंगरौली | 37 | 147 | 670 | 219 |
| 52 | टीकमगढ़ | 16 | 112 | 351 | 212 |
| 53 | उज्जैन | 24 | 511 | 241 | 106 |
| 54 | उमरिया | 47 | 82 | 123 | 95 |
| 55 | विदिशा | 20 | 307 | 155 | 163 |
| | **कुल** | **2461** | **11097** | **23187** | **13451*** |

मध्य प्रदेश में कटनी, पन्ना और छतरपुर जिलों सहित 50 जल शक्ति केंद्रों (जेएसके) को भी स्थापित किया गया है।

**अनुलग्नक-II**

**'जल संभरण और जल संचय संबंधी कार्य' के संबंध में दिनांक 12.03.2026 को लोक सभा में उत्तर के लिए देय अतारांकित प्रश्न सं. 3308 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।**

| **जल संचय डेटा - जेएसजेबी पोर्टल के अनुसार मध्य प्रदेश में जिला-वार संख्या (जेएसजेबी 1.0)** | | |
|---|---|---|
| **क्र.सं.** | **जिला** | **पूर्णता कार्य** |
| 1 | अगर मालवा | 976 |
| 2 | अलीराजपुर | 1671 |
| 3 | अनूपपुर | 1756 |
| 4 | अशोकनगर | 1346 |
| 5 | बालाघाट | 4887 |
| 6 | बड़वानी | 2987 |
| 7 | बैतूल | 13499 |
| 8 | भिंड | 1947 |
| 9 | भोपाल | 2412 |
| 10 | बुरहानपुर | 1027 |
| 11 | छतरपुर | 2581 |
| 12 | छिंदवाड़ा | 1236 |
| 13 | दमोह | 3542 |
| 14 | दतिया | 609 |
| 15 | देवास | 8333 |
| 16 | धार | 10791 |
| 17 | डिंडोरी | 561 |
| 18 | पूर्वी निमाड़ | 129020 |
| 19 | गुना | 17814 |
| 20 | ग्वालियर | 1658 |
| 21 | हरदा | 1057 |
| 22 | होशंगाबाद | 2262 |
| 23 | इंदौर | 656 |
| 24 | जबलपुर | 1318 |
| 25 | झाबुआ | 1793 |
| 26 | कटनी | 3919 |
| 27 | खरगोन | 5606 |
| 28 | मंडला | 4775 |
| 29 | मंदसौर | 916 |

| | | |
|---|---|---|
| 30 | मुरैना | 406 |
| 31 | नरसिंहपुर | 3357 |
| 32 | नीमच | 835 |
| 33 | निवाड़ी | 250 |
| 34 | पन्ना | 1221 |
| 35 | रायसेन | 3525 |
| 36 | राजगढ़ | 4342 |
| 37 | रतलाम | 1313 |
| 38 | रीवा | 1388 |
| 39 | सागर | 3138 |
| 40 | सतना | 2346 |
| 41 | सीहोर | 2529 |
| 42 | सिवनी | 7946 |
| 43 | शहडोल | 2766 |
| 44 | शाजापुर | 1762 |
| 45 | श्योपुर | 413 |
| 46 | शिवपुरी | 445 |
| 47 | सीधी | 322 |
| 48 | सिंगरौली | 970 |
| 49 | टीकमगढ़ | 564 |
| 50 | उज्जैन | 3158 |
| 51 | उमरिया | 1598 |
| 52 | विदिशा | 1040 |
| **कुल योग** | | **276589** |

| **जल संचय डेटा - दिनांक 11.03.2026 तक जेएसजेबी पोर्टल के अनुसार मध्य प्रदेश में जिला-वार संख्या (जेएसजेबी 2.0)** | | |
|---|---|---|
| **क्र.सं.** | **जिला** | **कार्य पूर्णता** |
| 1 | आगर-मालवा | 313 |
| 2 | अलीराजपुर | 289 |
| 3 | अनूपपुर | 975 |
| 4 | अशोकनगर | 131 |
| 5 | बालाघाट | 1382 |
| 6 | बड़वानी | 886 |
| 7 | बैतूल | 405 |
| 8 | भिंड | 97 |
| 9 | भोपाल | 486 |

| | | |
|---|---|---|
| 10 | बुरहानपुर | 685 |
| 11 | छतरपुर | 869 |
| 12 | छिंदवाड़ा | 387 |
| 13 | दमोह | 161 |
| 14 | दतिया | 90 |
| 15 | देवास | 3831 |
| 16 | धार | 501 |
| 17 | डिंडोरी | 315 |
| 18 | गुना | 3041 |
| 19 | ग्वालियर | 60 |
| 20 | हरदा | 442 |
| 21 | इंदौर | 9349 |
| 22 | जबलपुर | 425 |
| 23 | झाबुआ | 687 |
| 24 | कटनी | 1540 |
| 25 | खंडवा (पूर्वी निमाड़) | 11751 |
| 26 | खरगोन (पश्चिम निमाड़) | 3635 |
| 27 | मैहर | 294 |
| 28 | मंडला | 493 |
| 29 | मंदसौर | 797 |
| 30 | माउगंज | 153 |
| 31 | मुरैना | 1252 |
| 32 | नर्मदापुरम | 945 |
| 33 | नरसिम्हापुर | 690 |
| 34 | नीमच | 695 |
| 35 | निवाड़ी | 63 |
| 36 | पांढुर्ना | 135 |
| 37 | पन्ना | 1170 |
| 38 | रायसेन | 1738 |
| 39 | राजगढ़ | 9619 |
| 40 | रतलाम | 1091 |
| 41 | रीवा | 291 |
| 42 | सागर | 768 |
| 43 | सतना | 181 |
| 44 | सीहोर | 698 |
| 45 | सिवनी | 1915 |
| 46 | शहडोल | 2179 |

| | | |
|---|---|---|
| 47 | शाजापुर | 486 |
| 48 | श्योपुर | 271 |
| 49 | शिवपुरी | 1082 |
| 50 | सीधी | 320 |
| 51 | सिंगरौली | 903 |
| 52 | टीकमगढ़ | 132 |
| 53 | उज्जैन | 3687 |
| 54 | उमरिया | 34 |
| 55 | विदिशा | 603 |
| **कुल योग:** | | **75418** |

*****